बृहस्पतिवार
11 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
एलोवेरा जेल लगाने के बाद फेसवॉश करना सही या गलत...!



पृष्ठ 5
वरुण धवन की बवाल में एक दिन की शूटिंग का खर्च 2.5 करोड़ रुपये



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 185
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा एक बड़ा राष्ट्रीय अपराध है।
– स्वामी विवेकानंद

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## यात्रा मार्गो पर लगेंगे चार्जिंग स्टेशन, सरकार केन्द्र को भेजेगी प्रस्ताव



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग मंत्रालय महेन्द्र नाथ पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने जनपद नैनीताल में स्थित औद्योगिक ईकाई एचएमटी का उत्तराखण्ड सरकार को हस्तांतरित करने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। बैठक में तय किया गया कि चार धाम यात्रा मार्ग पर इलैक्ट्रॉनिक चार्जिग स्टेशन के लिए उत्तराखण्ड सरकार केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद नैनीताल स्थित एच.एम.टी. औघोगिक ईकाई

**❑सीएम ने केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग मंत्रालय से की शिष्टाचार भेंट**

लगातार घाटे में चलने के कारण आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने इसे बंद करने हेतु अनुमोदित किया था। अनुमोदन के क्रम में एच.एम.टी. रानीबाग ईकाई को जैसा है जहां है के आधार पर उत्तराखण्ड शासन को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा एनबीसीसी द्वारा आकलित मूल्य पर एचएमटी रानीबाग ईकाई को क्रय करने की अपनी सहमति भारी उद्योग मंत्रालय को प्रेषित कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से औद्योगिक ईकाई एचएमटी के हस्तांतरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र में नए उघोग स्थापित किये जा सकेंगे और रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर इलैक्ट्रॉनिक चार्जिग स्टेशन बनाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से इसका प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। तय हुआ कि उत्तराखण्ड सरकार जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को प्रेषित करेगी।

## उफनती नदी में 8 दुकानें व एटीएम बहा



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। जनपद उत्तरकाशी के पुरोला क्षेत्र में कल देर रात आयी भारी बारिश के चलते कुमोला नदी उफान पर आ गई। उफनती नदी की चपेट में आकर जहां आठ दुकानें बह गई वहीं एक पीएनबी के एटीएम बहने की भी बात कही जा रही है जिसमें लाखों रूपये बताये जा रहे है। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात उत्तरकाशी के पुरोला क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई। जिससे कुमोला नदी का जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ गया। बताया जा रहा है कि कुमोला नदी के पास ही कुमोला रोड पर स्थित दो ज्वैलरी की दुकानें सहित आठ दुकानें बह गई। साथ ही यहां एक पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम भी मौजूद था वह भी उफनती नदी में समा गया। पीएनबी के शाखा प्रबंधक चंचल जोशी का कहना है कि बुधवार शाम को ही इस एटीएम में 24 लाख रुपए डाले गए थे। ऐसे में काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में अब जांच की जा रही है

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## जगदीप धनखड़ ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

नई दिल्ली । जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को भारत उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व



उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित सभी बड़े नेता इस अवसर पर मौजूद थे। शपथ ग्रहण करने से पहले धनखड़ ने सुबह राजघाट जा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। बापू के स्मारक पर जाने के बाद धनखड़ ने ट्वीट किया, पूज्य बापू को श्रद्धांजलि देते हुए राजघाट की शांत भव्यता में भारत की सेवा में तत्पर रहने के लिए अपने आप को धन्य एवं प्रेरित महसूस किया। जगदीप धनखड़ 71 वर्ष के हैं और वह राजस्थान के प्रभावशाली जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। उनकी पृष्ठभूमि समाजवादी रही है। उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने से पहले वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। इत्तेफाकन लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति एक ही राज्य के हैं। वर्तमान में ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं और वह राजस्थान के कोटा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 16,299 नए मामले सामने आए, 19,431 ठीक हुए

नई दिल्ली । देश में नए कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में पिछले कई दिनों से उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। भातर में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 16,299 नए मामले सामने आए हैं, वहीं कल यानी 10 अगस्त को 16,047 नए मामले सामने आए थे। एक दिन में कोरोना संक्रमण के 16,299 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,42,06,996 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,25,076 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 53 और लोगों की मौत होने के बाद



मृतक संख्या बढ़कर 5,26,879 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,25,076 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.28 प्रतिशत है।

एक्टिव केस कुल संक्रमण का 0.28 फीसदी हो गए हैं। वहीं एक दिन में 19,431 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट 4.58 फीसदी हो गई है। देश में अब तक कुल 4,35,55,041 संक्रमित मरीज ठीक हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.53 फीसदी है। सरकार कोरोना वायरस पर काबू पाने के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दे रही है। अब तक वैक्सीनेशन का आंकड़ा 2,072,946,593 पहुंच गया है। वहीं पिछले 24 घंटे में 25,75,389 डोज लगाई गई है। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज नए कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में हल्की गिरावट देखने को मिली है। बुधवार को 2,146 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं।

महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना के 1,847 मामले सामने आए और सात मरीजों की मौत हो गई। बुलेटिन के मुताबिक सामने आए नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या बढ़कर 80,64,336 हो गई और मृतकों का आंकड़ा 1,48,157 तक पहुंच गया।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# नशे में तबाह होता युवा

आज का युवा नशे में अपनी जिंदगी तबाह कर रहा है, जिन मासूमों के हाथ में जहां किताबे होनी चाहिए अब उनके हाथों में नशे की पुड़िया, सिगरेट, तंबाकू का पैकेट होता है। न जाने कितने युवाओं को नशे के चलते अपनी जान गंवानी पड़ी और न जाने कितने परिवार इससे तबाह हो चुके हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नशे के खिलाफ कड़ा फैसला लेते हुए पुलिस व अन्य विभागों को 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि पूरे राज्य में नशा कारोबारियों का जाल इस प्रकार फैला है कि उसे तोड़ने में पुलिस को भी नाको चने चबाने पड़ रहे हैं। राज्य के नशा मुक्ति केंद्रों में लगातार बढ़ती युवाओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि नशे के सौदागरों ने कई युवाओं की सुबह होने से पहले ही उनके जीवन में अंधेरा कर दिया है। राज्य गठन के बाद जिस प्रकार से उत्तराखंड में नशे के कारोबार ने अपने पांव पसारे हैं उससे यह बात साफ हो गई है कि पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से यह कारोबार फैला है। इसका प्रमाण यह है कि आज शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले युवा नशे की जकड़ में तेजी से आ रहे हैं। मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले नशे की यह कारोबारी आज लखपति करोड़पति बन चुके हैं। चिंता की बात यह है कि अब तक पुलिस नशा सिंडिकेट को तोड़ने में नाकाम रही है जबकि नशा कारोबारी नशा करने वाले युवाओं तक नशा बेखौफ पहुंचा रहे है। नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पहले भी पुलिस अभियान चलते रहे हैं लेकिन इनका कोई खास असर नशा माफियाओं पर नहीं देखा गया है दरअसल यूपी तथा अन्य राज्यों के रहने वाले कई नशे के सौदागर राज्य गठन के साथ ही यहां काम के बहाने आए और उन्होंने पुलिस व अन्य विभागों के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अपने धंधे को बढ़ाना शुरू करा। न तो पुलिस ने ऐसे लोगों का सत्यापन किया और न ही उनके कारोबार के बारे में उनकी कुंडली खंगाली। यदि पुलिस चाहती तो इस धंधे में लिप्त लोगों की पहचान करने के बाद उन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेज सकती थी और उन पर गैंगस्टर जैसी अन्य गंभीर धाराएं लगाकर दूसरों को सबक देने के प्रयास भी करती लेकिन पुलिस व इनसे संबंधित अन्य विभागों के कुछ कर्मचारी रातों-रात दूसरों की तरह लखपति बनना चाहते थे फिर उनसे ईमानदारी की उम्मीद कैसे की जा सकती थी। राजधानी में खुले शिक्षण संस्थान भी इस नशाखोरी के लिए उतना ही दोषी हैं जितने नशे के सौदागर, इन शिक्षण संस्थानों के कुछ कर्मचारी भी युवाओं तक नशे की सामग्री पहुंचाने का काम कर रहे हैं सवाल यह है कि क्या इन मासूमों की जिंदगी को बचाने के लिए अब सरकार वाकई गंभीर है?

# लूट और चोरी में दो शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे मय कारतूस, लूटी गई रकम व चोरी की बाइक भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली रूड़की पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस जब ढंडेरा क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तो इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो



बाइक सवार दोनों लोग बाइक छोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे मय कारतूस बरामद किये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम देवेंद्र पुत्र संतर पाल

### ❑दो तमंचे मय कारतूस, नगदी व चोरी की बाइक बरामद

निवासी ताशीपुर मंगलोर हरिद्वार व राजन उर्फ राजवीर पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम रामपुर थाना सदर लुधियाना पंजाब बताया। बरामद बाइक के संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा 8 अगस्त को बस अड्डे के पास से यह बाइक चोरी की गयी थी साथ ही बताया कि इसी बाइक से 9 अगस्त को उन्होने शंकरपुरी के पास एक रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर उसे डरा धमकाकर तमंचा दिखाकर पर्स एवं नगदी लूट ली थी। बहरहाल पुलिस ने दोनो बदमाशों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# रात में आंखों से काजल साफ करके सोएं



जब भी मेकअप की बात की जाती हैं तो काजल को जरूर शामिल किया जाता हैं जो भारतीय महिलाओं के मेकअप का अभिन्न हिस्सा बन चुका हैं। काजल मुरझाई हुई आंखों में भी नई जान डाल देता हैं। काजल कई प्रकार के मिलते हैं, जैसे पेन्सिल, रोल और या फिर बॉक्स में। आजकल तो वाटरप्रूफ काजल भी आने लगा हैं। काजल का इस्तेमाल करना तो सभी पसंद करते हैं लेकिन इसे रात को सोने से पहले हटाना मुश्किल हो जाता हैं क्योंकि इसे आंख की वॉटरलाइन पर लगाया जाता है। कई बार ऐसा होता हैं कि हटाने के बाद भी काजल रह ही जाता हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ आसान तरीके बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आसानी से काजल को हटाया जा सकता हैं और संवेदनशील आंखों को भी नुकसान नहीं होगा। आइये जानते हैं इन तरीकों के बारे में...

नारियल तेल

नारियल का तेल सबसे सुरक्षित और सबसे प्रभावी चीजों में से एक है जिसका उपयोग आप सभी प्रकार के मेकअप को हटाने के लिए कर सकती हैं, विशेष रूप से आंख और होंठों के लिए यह तेल बहुत ही अच्छा होता है। इसके लिए आप वर्जिन या कोल्ड प्रेस्ड वेरिएंट तेल का इस्तेमाल करें। आप क्यू-टिप पर या कॉटन पैड पर नारियल लेकर और धीरे से इसे वॉटरलाइन को साफ करें। कुछ सेकंड के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और धीरे से प्रोडक्ट को हटा दें।

बेबी ऑयल और बेबी वाइप्स

यह सबसे जेंटल आई मेकअप रिमूवर है जिसे आप बाजार से प्राप्त कर सकते हैं। बेबी ऑयल की कुछ बूंदों के साथ एक कॉटन बॉल को गीला करें और आसानी से आँखों पर स्वाइप करें। इसके बाद आंखों को गुनगुने पानी से धो लें। मेकअप वाइप्स और बेबी वाइप्स दोनों ही जिद्दी काजल और उसके स्मज से छुटकारा पाने के असरदार तरीके हैं।

ऑलिव ऑयल

ऑलिव ऑयल एक और पोषक तत्वों से भरपूर तेल है जिसका इस्तेमाल आप मेकअप हटाने और आंखों के नाजुक हिस्से को मॉइश्चराइज करने के लिए भी कर सकती हैं। आंखों से काजल हटाने के लिए आप तेल आर्गेनिक और वर्जिन वेरिएंट तेल का उपयोग करें और नारियल तेल की तरह इसका भी इस्तेमाल करें

कच्चा दूध

जी हां, आंखों का मेकअप साफ करने के लिए हम कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। वास्तव में, आप त्वचा की रंगत को निखारने के लिए कच्चे दूध को पूरे चेहरे पर लगा सकते हैं। कच्चे दूध के इस्तेमाल से नॉन वाटरप्रूफ काजल को आसानी से हटाया जा सकता है। आप अपने पूरे चेहरे को साफ करने के लिए कच्चे दूध का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

क्लींजिंग मिल्क

अगर तेल का इस्तेमाल करना आपको अच्छा नहीं लगता है तो आप क्लींजिंग मिल्क का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए कॉटन बॉल पर पर्याप्त मात्रा में क्लींजिंग मिल्क लें और इससे काजल को धीरे-धीरे पोंछ लें। आप इसे 2-3 बार दोहरा सकती हैं जब तक कि काजल पूरी तरह से साफ न हो जाए।

गीले कपडे का इस्तेमाल करें

यदि आप जल्दी में हैं तो सबसे आसान चीज जो आप अपना सकते हैं वह है कपड़े का एक गीला टुकड़ा। यह सुरक्षित है और आपको केवल यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आप इसे आंखों पर धीरे से रगड़ें और बहुत कठोर न हों। काजल को आँखों से हटाने के सबसे तेज़ तरीकों में से एक यह है कि रुमाल की तरह एक बहुत ही नरम कपड़ा लें और इसे कुछ सेकंड के लिए नल के नीचे रखें। कपड़े से अतिरिक्त पानी निकाल दें और इसका इस्तेमाल काजल को धीरे से पोंछने के लिए करें।

मिस्लर वॉटर

आंखों पर काजल के अवशेष से छुटकारा पाने के लिए मिस्लर वॉटर एक और बेहतरीन विकल्प है। अपनी त्वचा के टाइप के अनुसार किसी भी मिस्लर वॉटर को चुनें। इसे बाउल में थोड़ा सा डालें और इसमें क्यू-टिप डुबोएं। जब एक बार क्यू-टिप प्रोडक्ट को सोख लेती है तो आप इसे काजल को धीरे से पोंछने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं।

गुलाब जल

आंखों के मेकअप को हटाने के लिए गुलाब जल बहुत ही कोमल और प्रभावी घटक है। यह आंखों को बिल्कुल नहीं चुभता है और काजल के सभी निशान को प्रभावी रूप से हटा देता है।

पेट्रोलियम जैली

आप अपनी आंखों से काजल अवशेषों को हटाने के लिए वैसलीन जैसी पेट्रोलियम जैली का उपयोग कर सकती हैं। अपनी उंगलियों पर थोड़ी सी वैसलीन लें और जहां भी काजल के निशान हो वहां पर मसाज करें। अब कॉटन पैड लें और धीरे से काजल को हटा दें।

बादाम का तेल

आंखों के आस-पास थोड़े से बादाम के तेल से मसाज करें और इस तेल से वॉटरप्रूफ काजल को साफ करें। बादाम के तेल में मौजूद विटामिन ई आंखों के आस-पास मौजूद झुर्रियों से भी छुटकारा दिलाता है।

प्र ब्रह्माणो अङ्गिरसो नक्षन्त प्र क्रन्दनुर्नभन्यस्य वेतु।
प्र धेनव उदप्रुतो नवन्त युज्यातामद्री अध्वरस्य पेश:।।

(ऋग्वेद ७-४२-१)

वेदों के विद्वान उपदेशक मेघों की गति के समान गति करें। जिस प्रकार नदियां जल प्रदान करती हैं और गायें दूध प्रदान करती हैं उसी प्रकार ये विद्वान यज्ञनिक कार्यों की वृद्धि के लिए ज्ञान का प्रकाश करें। सभी स्त्री-पुरुष उनके अनुसरण द्वारा प्रभु की स्तुति करें।

Let the learned preachers of the Vedas move like the speed of the clouds. As rivers provide water and cows provide milk, these scholars should shed light on knowledge for the advancement of Yajanic works. All men and women should adore the Lord by following them. (Rig Veda 7-42-1)

# नैनीसैंण मोटर मार्ग पिछले चार दिनों से बंद

चमोली (आरएनएस)। विकासखंड के कपीरी पट्टी की लाइफलाइन नैनीसैंण मोटर मार्ग पिछले चार दिनों से बंद है। यहां फ्लोटा के पास सड़क टूटने से पट्टी की पांच हजार से अधिक आबादी घरों में कैद होकर रह गई हैं। हालांकि विभाग यहां सड़क खोलने के काम में जुटा है। लेकिन करीब बीस मीटर से अधिक सड़क का हिस्सा वाश आउट हो जाने से सड़क खोलने में दिक्कतें आ रही हैं। विकासखंड के प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत, उत्तम तोपाल, कपीरी संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, संजय कंडवाल, भगवान कंडवाल आदि का कहना है कि बीते शनिवार की रात्रि में भरी बारिश के चलते कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग का फ्लोटा में करीब बीस मीटर हिस्सा बह गया। जिससे कपीरी के किमोली, पारतोली, फ्लोटा, सुखतोली, बणसोली, धनसारी, जस्यारा, कंडारा, खत्याड़ी सहित आस पास के कई गांवों की आबादी का आवागमन ठप हो गया। यहां तक शव यात्रा के लिए कई किमी टूटे फूटे पैदल रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। बताया कि स्कूली बच्चों और अस्पताल आने जाने वाली गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों को सड़क ठप होने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने जल्द सड़क खोलने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर लोनिवि गौचर के सहायक अभियंता राशिद खान ने बताया कि नैनीसैंण मोटर मार्ग को खोलने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। जल्द मार्ग वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

# एक बार फिर मिला नोटों का पहाड़..!

जालना। महाराष्ट्र में एक कारोबारी के यहां आयकर विभाग की ओर की गई छापेमारी में भारी कैश और बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ है। स्टील, कपड़ा और रियल इस्टेट कारोबार से जुड़े इस बिजनेसमैन के यहां हुई छापेमारी में आयकर विभाग को 56 करोड़ रुपये कैश मिले हैं। एक से 8 अगस्त तक चली इस कार्रवाई में कारोबारी से जुड़े 100 करोड़ के बेनामी संपत्ति का भी पर्दाफाश हुआ है। साथ ही 32 किलो सोना, पर्ल और हीरे सहित संपत्ति के कागजात मिले हैं।



आयकर विभाग को जब्त कैश की गिनती में 13 घंटे लग गए। छापेमारी की इस कार्रवाई को आयकर विभाग की नासिक ब्रांच ने अंजाम दिया। इसमें राज्य भर के 260 अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। आईटी के कर्मचारी पांच टीमों में बंटे हुए थे और छापेमारी में 120 से ज्यादा गाड़ियों का इस्तेमाल हुआ।

कैश को सुबह 11 बजे से रात एक बजे तक जालना के स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में ले जाकर गिना गया। सामने आई जानकारी के अनुसार कारोबारी के घर से कुछ नही मिला लेकिन उसके फार्महाउस से नकदी, सोना और अन्य कागजात बरामद हुए। आयकर अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान काफी सावधानी बरती। कारोबारी और उनसे जुड़े लोगों को इस छापेमारी की तैयारी की भनक नहीं लगे, इसके लिए आयकर की टीमें बेहद सतर्क रहीं।

# राशन के लिए 'तिरंगा' खरीदने का कोई आदेश जारी नहीं कियाः केंद्र

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने कहा कि राशन दुकान मालिकों को राष्ट्रीय ध्वज नहीं खरीदने पर लोगों को राशन न देने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। सरकार ने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर एक राशन दुकान मालिक पर कार्रवाई भी की गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुध वार को आरोप लगाया कि गरीबों को राशन देने के बदले तिरंगे के नाम 20 रुपये की जबरन वसूली की जा रही है।



उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें कुछ राशनकार्ड धारकों को यह शिकायत करते हुए देखा जा सकता है कि उन्हें 20 रुपये में तिरंगा खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने ट्वीट किया, श्भारत सरकार द्वारा ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया है। लगभग 80 करोड़ लोगों को हर महीने बिना किसी बाधा के राशन मिल रहा है। सरकार के आदेश का उल्लंघन करने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के आरोप में एक राशन की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

# दिल्ली में मास्क लगाना हुआ अनिवार्य, नहीं लगाने पर 500 रु. जुर्माना

नई दिल्ली । दिल्ली में कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहे है। ऐसे दिल्ली सरकार ने सभी सार्वजनिक जगहों पर मास्क का लगाना जरूरी कर दिया है। ऐसे में जो लोग इस नियम को नहीं मानेंगे और बिना मास्क नजर आएंगे, उन्हें 500 रुपए का जुर्माना के तौर देना होगा। बता दें कि पिछले 24 घंटे में यहां कोरोना के 2146 केस सामने आए है। ऐसे में करीब आठ लोगों की जान भी गई है। कोरोना के कारण इस महीने में अभी तक 40 लोग की जान चली गई है।



दिल्ली में कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद सरकार ने फिर से पाबंदियां लगा दी है। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को 2495 कोरोना के नए केस सामने आए है। ऐसे में पॉजिटिविटी रेट 15.41% था और कोविड के कारण छह लोगों की जान गई थी। दिल्ली में कोरोना के साथ मंकीपॉक्स वायरस के भी केस सामने आ रहे है। ऐसे में सरकार इसे काबू करने के लिए बीच-बीच में पाबंदियां लगाती रहती है।

# गणेश जोशी को महिला पर्यावरण मित्रों ने बांधा रक्षासूत्र

संवाददाता

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को उनके आवास पर पहुंचकर नगर निगम की महिला पर्यावरण मित्रों ने रक्षासूत्र बांध उनकी दीघायु की कामना की।

आज यहां पूरे देशभर में भाई बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन का पावन पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में भी रक्षाबंधन का पवित्र पर्व बड़े हर्षोल्लास साथ मनाया जा रहा है। रखा बंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आज न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी को बड़ी संख्या में देहरादून नगर निगम की महिला कर्मियों पर्यावरण मित्रों) ने रक्षासूत्र बांधा। कैंप कार्यालय पहुंची नगर निगम की महिला पर्यावरण मित्रों ने एक-एक कर काबीना मंत्री गणेश जोशी के हाथों में राखी बांधी और उनके लंबी उम्र की कामना की।



राखी बांधनें के बाद मंत्री गणेश जोशी ने सभी बहनों को उपहार भेंट किये एवं मिष्ठान वितरित किया। वहीं इसके उपरांत आर्मी सीएसडी कैंटीन पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सीएसडी कैंटीन की महिला कार्मिकों से रांखी बंधवाई। मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा सूत्र बँधवाकर उनकी रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने प्रदेश वासियों को रक्षाबधन की बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। त्योहार आपसी भाईचारे के साथ ही जीवन में उमंग और उत्साह का संचार करते है। त्योहार हमारी पहचान होते हैं। प्राचीन संस्कृति को बनाए रखने में त्योहारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पार्षद सतेन्द्र नाथ, सिकंदर सिंह, अनुज रोहिला आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। रोडवेज बस की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के भाई की तहरीर पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेरिया कोट अल्मोडा निवासी रोशन लाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका छोटा भाई मनोज कुमार पैदल कोयल घाटी की तरफ जा रहा था तभी पीछे से तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विधानसभा अध्यक्ष ने अपने भाई को बांधी राखी

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने अपने भाई मनीष को राखी बांध उसकी दीघायु की कामना की।



आज यहां रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अपने भाई मनीष खंडूड़ी को रक्षा सूत्र बांधकर अपना स्नेह व आशीर्वाद दिया साथ ही भाई के दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह स्नेह, प्रेम व समर्पण भाव हम दोनों भाई बहिन के साथ-साथ प्रदेश में सभी भाई बहनों के बीच सदा इसी प्रकार बना रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने देहरादून में बसंत विहार स्थित अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के आवास पर पहुंचकर भाई मनीष खंडूड़ी की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। विधानसभा अध्यक्ष ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षा सूत्र बांधने की सदियों पुरानी यह परम्परा भाई और बहन के बीच विशेष लगाव का प्रतीक है और यह पवित्र सूत्र उनके मध्य स्नेह एवं विश्वास का भी द्योतक है।

# अनिल सिंह तोमर बने अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन के अध्यक्ष

संवाददाता

देहरादून। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज के अभिभावक टीचर एसोसिएशन के अनिल सिंह तोमर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये।

आज यहां अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज साहिया में हुई अभिभावकों की बैठक में अनिल सिंह तोमर को सर्वसम्मति से पी.टी.ए. अध्यक्ष चुना गया साथ ही 15 समिति सदस्य नामित किये। बैठक में एस.एम.सी. कार्यकारिणी का गठन करते हुए स्वरूप सिंह चौहान को सर्वसम्मति से एस.एम.सी. अध्यक्ष चुना गया साथ ही 4 सदस्य नामित किये गए।

कार्यकारिणी गठन के अवसर पर निवर्तमान पी.टी.ए. अध्यक्ष रणवीर सिंह चौहान, निवर्तमान एस.एम.सी. अध्यक्ष वीरेंद्र लाल, प्रधानाचार्य जसवंत सिंह बंगारी, अभिभावकगण एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यकारिणी गठन से पूर्व सभी अभिभावकों द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा वार्ता की गई जिसमे



विद्यालय में लगातार घटती छात्र संख्या पर चिंता जताई।

इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण शिक्षण कार्यो में जो भी व्यवस्थाएं बिगड़ी है उसे जल्द से जल्द ठीक करने का कार्य पी.टी.ए. समिति करेगी। तोमर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुधारने से संबंधी गतिविधियों को तीव्र गति से पूर्ण करने के बात कहीं साथ ही विद्यालय परिसर में 7 वर्ष पूर्व लगाये गए सी.सी.टी.वी. कैमरे जोकि कई वर्ष पूर्व हटा दिए गए थे उन्हें 15 दिनों में पुनः वापस लगाने हेतु विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया। तोमर ने शिक्षा निदेशालय की लापरवाही पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक ही स्थान साहिया में संचालित 3 विद्यालयों में से एक विद्यालय सुगम एवं दो विद्यालय दुर्गम श्रेणी रखे गए है जोकि पूर्णतयः गलत इसको ठीक कराने के लिए पुनः कार्रवाई पी.टी.ए. कार्यकारिणी द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर अभिभावकों में भूमिदाता आनंद सिंह तोमर, संरक्षक पंडित केशव राम जोशी, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान, केशर सिंह तोमर, सरदार सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे।

# ब्लास्ट हो सकता है स्मार्टफोन, न करें यह गलती

स्मार्टफोन में विस्फोट होना कोई बड़ी बात नहीं है। चाहे फोन कितने भी प्रीमियम क्यों न हो फोन में कुछ गलतियों के चलते आग लग सकती है या फिर फोन एक्सप्लोड हो सकता है। कई बार ये मैन्यूफैक्चर की गलती होती है तो कई बार इसमें हमारी भी गलती होती है। अब जरूरी बात यह है कि आखिर ये गलतियां क्या हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आखिर वो कौन-सी गलतियां हैं जो करने से फोन में विस्फोट होने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। चलिए जानते हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग फॉल्ट

फोन के फटने का एक मेजर कारण उसकी मैन्युफैक्चरिंग में खराबी है। फोन में दी गई लिथियम-आयन बैटरी को अगर ठीक से टेस्ट न किया जाए तो यह खराबी के चलते विस्फोट हो सकती है। यह आमतौर पर तब होता है जब बैटरी के अंदर के सेल्स ज्यादा टैम्प्रेचर तक पहुंच जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप थर्मल बाहर निकलता है। ऐसा माना जाता है कि सस्ती बैटरीज के शॉर्ट सर्किट होने की संभावना अधिक होती है।

थर्ड पार्टी चार्जर का इस्तेमाल करना

यह एक नॉर्मल गलती है। हम में से ज्यादातर लोग ऐसा करते होंगे। किसी थर्ड पार्टी चार्जर से फोन को चार्ज करना काफी खतरनाक साबित हो सकता है। थर्ड-पार्टी चार्जर में अक्सर उन चीजों की कमी होती है जिनकी जरूरत हैंडसेट में सबसे ज्यादा होती है। ऐसे में थर्ड पार्टी चार्जर फोन को डैमेज कर सकती हैं और फोन में शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

रात भर चार्ज करना

फोन को रातभर चार्जर पर लगाना बेहद नुकसानदेह साबित हो सकता है। हम में से ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि सोते समय फोन को चार्जिंग पर लगा देते हैं। यह बैटरी पर काफी प्रेशर बनाता है। फोन को ज्यादा चार्ज करने से ओवरहीटिंग, ओवरचार्जिंग, शॉर्ट-सर्किट जैसी परेशानियां हो सकती हैं। हालांकि, कई स्मार्टफोन अब एक चिप के साथ आते हैं जो बैटरी लेवल 100 फीसद होने पर करंट के प्रवाह को रोक देता है। लेकिन पुराने फोन्स में ऐसी सुविधा मौजूद नहीं है।

फोन को गर्मी में या धूप में रखना

ज्यादा गर्मी फोन की बैटरी को खराब कर सकती है। इससे सेल्स थोड़े अस्थिर हो जाते हैं और एक्जोथर्मिक ब्रेकडाउन खो देती हैं। इससे ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैस निकलती हैं और फिर फोन में विस्फोट हो सकता है।

# एक्सरसाइज के बाद बॉडी में होता है दर्द, करें यह उपाय

अपनी फिटनेस और बॉडी को शेप में रखने के लिए लोग वर्कआउट करते हैं। लेकिन कई बार वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द की वजह से लोग अपने फिटनेस गोल को बीच में ही अधूरा छोड़ देते हैं। वर्कआउट के बाद दर्द होना इस बात का संकेत है कि आपने मजबूती से मांसपेशियों को रिपेयर करने का काम किया है। कई बार यह दर्द लगातार वर्कआउट करने से दूर भी हो जाता है। आपका शरीर इतना स्मार्ट है कि यह खुद आपको बताएगा कि कब आपकी मांसपेशियों की रिपेयरिंग का काम खत्म हो गया है। लेकिन वर्कआउट के एक सप्ताह के बाद भी अगर आपकी मांसपेशियों में दर्द बना रहता है तो आप ये उपाय अपनाकर इस दर्द को कम कर सकते हैं।

स्ट्रेचिंग- वर्कआउट के बाद मांसपेशियां रिकवरी मोड में रहती हैं। जिसकी वजह से उनमें कसाव आ जाता है और व्यक्ति को दर्द महसूस होने लगता है। इस दर्द से बचने के लिए स्ट्रेचिंग धीरे-धीरे करें। इससे मांसपेशियों में कसाव और दर्द दोनों कम होगा।

हल्की मसाज- दर्द वाली मांसपेशियों में मसाज करने से कसाव कम होने के साथ रक्त संचार भी बढ़ता है। रक्त संचार अच्छा होने से मांसपेशियों की रिकवरी में तेजी आती है और इससे मांसपेशियों का दर्द जल्दी खत्म होता है।

गुनगुने पानी से नहाना- गुनगुने पानी से नहाने से मांसपेशियां ढीली पड़ती हैं और रक्त संचार में तेजी आती है। बेहतर रक्त संचार का मतलब है दर्द भरी मांसपेशियों में अधिक ऑक्सीजन और रक्त का पहुंचना। इससे दर्द से जल्दी राहत मिलती है।

गरम या ठंडा इलाज- मांसपेशियों के दर्द से राहत पाने के लिए 15 मिनट उस विशेष स्थान पर बर्फ का पैक लगाएं, जहां दर्द हो रहा है। इसके बाद उसी स्थान पर 15 मिनट के लिए गरम पैक लगाएं। ऐसा कई बार दोहराएं। गर्म के बाद ठंडे से रक्त संचार में तेजी आती है और मांसपेशियां जल्दी ही खुद को मजबूत बनाने के साथ-साथ रिपेयर भी करती हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# एलोवेरा जेल लगाने के बाद फेसवॉश करना सही या गलत...!



एलोवेरा जेल प्रकृति से प्राप्त एक ऐसी औषधि है जो ना सिर्फ हमारी सेहत को दुरुस्त रखने का काम करती है बल्कि ये आपकी खूबसूरती निखारने में भी सहायक है। ज्यादातर लोग एलोवेरा का इस्तेमाल चेहरे और बालों पर करते है, ताकि उनमें नेचुरल शाइन आ सकें। चाहे वो कोई फेस पैक हो हेयर पैक हो या नाइट क्रीम एलोवेरा जेल को हर तरीके से यूज किया जा सकता है। लेकिन सवाल ये उठता है कि एलोवेरा जेल को फेस पर अप्लाई करने के बाद साबुन से चेहरे को वॉश करना चाहिए या नहीं। क्या ऐसा करना जरूरी है, या फिर ऐसा करने से एलोवेरा का प्रभाव कम हो सकता है। खैर, यहां हम आपको आपके इसी सवाल का जवाब देने वाले है, ताकि आप ये जान सकें कि एलोवेरा लगाने के बाद फेशवॉश करना सही है या गलत।

एलोवेरा लगाने के बाद फेसवॉश करें या नहीं

वैसे हम चेहरे को धोते क्यूं है, शायद उसे क्लीन करने के लिए, उस पर जमा गंदगी हटाने के लिए या फिर रिफ्रेश महसूस करने के लिए। तो ये तीनों काम एलोवेरा जेल की मदद से भी किए जा सकते है। बल्कि एलोवेरा जेल अपने आप में एक क्लींजर है जो आपके चेहरे की कुदरती रंगत लौटाता है। इसलिए अगर आप अब तक एलोवेरा को चेहरे पर लगाने के बाद साबुन से चेहरा वॉश करने की गलती करती आई है, तो आज से ही इस गलती को सुधार लें।



क्यूंकि ऐसा करने से आपके चेहरे का पीएच बैलेंस खराब हो सकता है। इसलिए आप चाहे एलोवेरा फेस पैक की तरह प्रयोग करें या मास्क के रूप में किसी भी हाल में साबुन से चेहरा धोने से बचें। अगर आपने ये जेल लगाने के बाद चेहरा धोया तो इसके अलग साइडइफेक्ट निकल कर आ सकते है।

एलोवेरा के स्किन बेनिफिटस चेहरे पर एलोवेरा लगाने के अनगनित फायदे है। यह स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। साथ ही साफ और निखरी त्वचा पाने में भी मदद करता है। एलोवेरा एंटी-बैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, बी6, बी12 भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। यही कारण है कि त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए लोग एलोवेरा का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

ये जेल फ्री-रेडिकल्स से लड़ने, चेहरे की गहराई से सफाई करने, मुहांसों की सूजन को कम करने में सहायक है। एलोवेरा लगाने से चेहरे की स्किन में टाइटनेस आती है। जिसकी मदद से झुर्रियां और फाइन लाइन्स कम होती है, और आपका चेहरा हमेशा जवां खूबसूरत नजर आ सकता है। एलोवेरा को नाइट क्रीम के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है, इससे चेहरे के दाग-धब्बों, टैनिंग, पिगमेंटेशन से छुटकारा पाने में मदद मिलती है और चेहरे की रंगत में सुधार आता है। एलोवेरा स्किन के लिए एक परफेक्ट मॉइस्चराइजर के रूप में भी काम करता है। जब आप अपने चेहरे पर एलोवेरा लगाते है तो उसमें मॉइश्चर लॉक हो सकता है और स्किन हाइड्रेट रहती है। खासकर जिनकी ड्राई स्किन है, वो एलोवेरा के इस्तेमाल से सॉफ्ट और स्मूद स्किन पा सकते है।

## शब्द सामर्थ्य -25

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 24 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# बिग बॉस 16 का हिस्सा बनना चाहती हैं कनिका मान

टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री कनिका मान जिन्हें कि उनके सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में गुड्डन का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है, को हाल ही में रोहित शेट्टी के एडवेंचर बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में प्रतियोगी के रूप में देखा गया था. हाल ही में कनिका ने यह बताया कि अब वे सलमान खान के शो बिग बॉस 16 का भी हिस्सा बनने की इच्छा रखती हैं.

उन्होंने कहा कि खतरों के खिलाड़ी 12 मेरा पहला रियलिटी शो था और इस शो में मेरे पास समय की एक गेंद थी. इस शो के साथ मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा रहा. इस सीजन में हमारे साथ कई प्रतियोगी ऐसे थे, जो कि पहले से ही बिग बॉस का हिस्सा रह चुके थे और वे अक्सर इस शो में उनके अनुभव के विषय में चर्चा करते थे. वे हमेशा मुझसे कहते हैं कि खतरों के खिलाड़ी सबसे अच्छा शो है, लेकिन बिग बॉस की अपनी एक रोलर कोस्टर सवारी है और निश्चित रूप से इसे संजोने का एक अनुभव है. अगर चीजें ऐसी ही होती है तो मैं सच में बिग बॉस का हिस्सा बनना चाहूंगी. अब समय ही बताएगा की आखिर कनिका मान की यह इच्छा पूरी होती है या नही.

रिपोर्ट के मुताबिक नागिन सीरियल के स्टार अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस 16 के निर्माताओं द्वारा इस शो का हिस्सा बनने के लिए ऑफर दिया गया था, परंतु अर्जुन ने इस शो को एक मैरिज ब्यूरो का करार देते हुए इसके ऑफर को रिजेक्ट कर दिया है. उनका कहना यह था कि लोगों को अक्सर इस घर में आकर प्यार हो जाता है और फिर वे सभी लोग शो से एक जोड़े के रूप में प्यार करते हुए बाहर निकलते हैं.

# अब कृति सेनन पर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार

एक्ट्रेस कृति सेनन एक्टिंग ही नहीं, बोल्डनेस के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. अक्सर लोग कृति के स्टाइलिश अंदाज को फॉलो करते दिखते हैं. वहीं एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. आए दिन उनका हॉट और सिजलिंग लुक इंटरनेट का पारा हाई कर देता है. अब फिर से कृति ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. सोशल मीडिया पर कृति सेनन की कुछ लेटेस्ट फोटो वायरल हो रही हैं, जिनमें वह काफी बोल्ड लग रही हैं.

कृति सेनन ने अपने छोटे से फिल्मी करियर में ही यह साबित कर दिया है कि उन्हें कोई भी रोल दिया जाए वह उसमें फिट बैठेंगी. कृति अपने हर रोल को बहुत खूबसूरती से पर्दे पर उतारती हैं. अपनी फिल्मों और एक्टिंग के साथ ही कृति ने अपने लुक्स से भी सभी का ध्यान खींचा है. ऐसे में जहां एक ओर फैंस उनकी फिल्मों के लिए काफी उत्साहित रहते हैं. वहीं, एक्ट्रेस अपने लुक्स की वजह से भी लोगों का ध्यान खींचना नहीं भूलतीं.

इन फोटोज में कृति को ग्रीन कलर की ब्रालेट और शॉर्ट्स पहने देखा जा सकता है. उन्होंने इस ग्लैमरस लुक के कंप्लीट करने के लिए सटल मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है. यहां कृति ने कानों में हूप ईयररिंग्स पहने हैं, जो उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं. कृति कैमरे के सामने अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं.

इसी के साथ उन्होंने अपनी एक और फोटो साझा की है, जिसमें वह ब्लू कलर की ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहन पूल किनारे पोज दे रही हैं. इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. फैंस के लिए उन पर नजरें हटाना भी मुश्किल हो गया है.

वहीं, कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले काफी समय से वह साउथ सुपरस्टार प्रभास की मेगाबजट फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चा में हैं. इसके अलावा उन्हें गणपथ, भेड़िया और शहजादा जैसी फिल्मों में भी देखा जाने वाला है.

# एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग में योगदान देने पर गर्व महसूस कर रहे हैं अर्जुन कपूर


अर्जुन कपूर अपनी हालिया रिलीज एक विलेन रिटर्न्स को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं, जिसने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 14.52 करोड़ रुपए कमा लिए। अर्जुन एक विलेन रिटर्न्स के साथ अपने करियर की पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग करने को लेकर रोमांचित हैं। अर्जुन की सबसे बड़ी ओपनर गुंडे 16.12 करोड़, 2 स्टेट्स ने 12.42 करोड़ और हाफ गर्लफ्रेंड ने 10.27 करोड़ पर ओपनिंग की।

एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग 7.05 करोड़ से हुई। अर्जुन कपूर कहते हैं, बात ये है कि एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग मेरे करियर की पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग है, भले ही उद्योग महामारी के बाद उबर रहा है, यह एक ठीक ओपनिंग है। मैंने लगातार ऐसी फिल्में करने की कोशिश की है जो युवाओं से जुड़ती हैं।

जनता और उन्हें एक विलेन रिटर्न्स का आनंद लेते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है।अर्जुन इस बात से रोमांचित हैं कि वह काउंटरों पर एक हिंदी फिल्म की ओपनिंग में योगदान दे सकते हैं। अर्जुन का कहना है, मेरे लिए, व्यक्तिगत रूप से, गर्व करने के लिए बहुत कुछ है, यह कि मैं काउंटरों पर बॉलीवुड फिल्म की ओपनिंग में योगदान देने में सक्षम हूं, पर्याप्त है।

काम की बात करें तो एक्टर आसमान भारद्वाज की कुत्ते और अजय बहल की द लेडीकिलर में नजर आएंगे।

# वरुण धवन की बवाल में एक दिन की शूटिंग का खर्च 2.5 करोड़ रुपये



जाह्नवी कपूर और वरुण धवन इन दिनों अपनी फिल्म बवाल की शूटिंग में व्यस्त हैं। बीते दिनों दोनों ने यूरोप से कई तस्वीरें भी शेयर की थीं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में लखनऊ में शुरू हुई थी। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग की पूरी की। अब इस बारे में एक दिलचस्प खबर सामने आई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के एक खास ऐक्शन सीन की शूटिंग में करीब ढाई करोड़ रुपये प्रतिदिन खर्च किए जा रहे हैं। इस दृश्य को फिल्माने में 45 से ज्यादा जंगली चूहे, कई चाकू, ग्रेनेड और अन्य प्रकार के विस्फोटक का इस्तेमाल होना है। यूरोप में इस दृश्य की शूटिंग जल्द शुरू हो रही है। इस एक दृश्य का शेड्यूल दस दिनों का है। दस दिन में इस दृश्य पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इसकी शूटिंग भारत के अलावा पेरिस, पोलैंड, बर्लिन और ऐम्सटर्डैम के महंगे लोकेशन्स पर हुई है। फिल्म के लिए स्टंटबाज और ऐक्शन डायरेक्टर जर्मनी से बुलाए गए हैं। इसके क्रू में 700 से ज्यादा लोग शामिल हैं। बवाल अगले साल अप्रैल में रिलीज होगी। फिल्म निर्माता दर्शकों के लिए इसे एक बेहतरीन विजुअल ट्रीट बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं और फिल्म की शूटिंग में खूब पैसा बहा रहे हैं।

बवाल छोटे शहर के एक लड़के की कहानी है। वह उस शहर की सबसे खूबसूरत मानी जाने वाली लड़की से शादी करना चाहता है। बवाल का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी कर रहे हैं।

29 जुलाई को जाह्नवी की फिल्म गुड लक जेरी हॉटस्टार पर रिलीज हुई। इसके अलावा वह बोनी कपूर की फिल्म मिली में काम कर रही हैं। राजकुमार राव के साथ वह फिल्म मिस्टर और मिसेज माही में नजर आएंगी। इस फिल्म में दोनों कलाकार क्रिकेटर के रूप में दिखाई देंगे। हाल ही में वरुण धवन की फिल्म जुग जुग जियो अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई है। इसके बाद वह अमर कौशिक की फिल्म भेड़िया में नजर आएंगे।

# उर्फी जावेद को टक्कर देने आई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सोफिया अंसारी





सोफिया अंसारी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है।

हाल ही में उनके द्वारा शेयर किया गया डांस वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में सोफिया को मराठी मुलगी बनकर नववारी साड़ी पहनकर कमर लचकाते हुए देखा जा सकता है। पिंक कलर की साड़ी और टाइट ब्रालेट में सोफिया का स्लिम और टोंड फिगर साफ नजर आ रहा है। डांस करते वक्त सोफिया ने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है। उन्होंने नाक में नथनी और कान में इयरिंग पहन रखी है।

सोफिया अंसारी ने वीडियो बिना किसी कमेंट के शेयर किया है। सोफिया अंसारी का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर काफी पॉपुलर हो रहा है। डांस वीडियो पर 1.61 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

आपको बता दे, सोफिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 90 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स है। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज और वीडियो से भरा हुआ है। सोफिया अंसारी ने हाल ही में अपनी स्किन टाइट ट्रांसपेरेंट वन पीस ड्रेस पहनकर फोटोशूट करवाया था।

# अहाना कुमरा रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की करेंगी मेजबानी



बॉलीवुड अभिनेत्री अहाना कुमरा प्रतिस्पर्धी रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की मेजबानी करती नजर आएंगी। अहाना ने कहा, इन्वेंटर चैलेंज की एक दिलचस्प अवधारणा है। मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है वह यह है कि यह शो न केवल नवाचारों को पनपने के लिए जगह प्रदान करेगा, बल्कि कुछ नया करने वालों को विकसित करने और उन्हें आगे ले जाने में भी मदद करेगा।

आमतौर पर इस तरह का शो नहीं बनता है। मुझे विश्वास है कि द इन्वेंटर चैलेंज दर्शकों को आकर्षित करेगा और आलोचकों से भी सराहना प्राप्त करेगा। मैं इंतजार नहीं कर सकती इसके लाइव होने के लिए।प्रतिभागियों को एक पैनल के साथ अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा, जो आगे बढ़ने के लिए कुछ नया करने वालों का चयन करेंगे।

अगली पंक्ति में मेंटॉर हैं, जो शीर्ष दो अन्वेषकों को लाइव लैब स्थानों में अपने विचारों को पोषित करने और उन्हें अभूतपूर्व अवधारणाओं में बदलने में मदद करेंगे। अंत में, इन विचारों को जीवन में लाया जाएगा और विभिन्न उपभोक्ता फोकस समूहों को प्रस्तुत किया जाएगा। शो में देश भर के आविष्कारक और सभी आयु वर्ग के लोग अपने आविष्कारों का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

शो में सबसे कम उम्र का आविष्कारक आठ साल का है। शो में, प्रतियोगियों को अपने आविष्कारों को आगे लाना होगा और अहाना सभी उत्साह और विचार-मंथन सत्रों के बीच अन्वेषकों को सहज महसूस कराएगी। यह शो टेलीविजन पर कलर्स इन्फिनिटी पर प्रदर्शित होगा और इन्वेंटर चैलेंज यूट्यूब चैनल पर भी स्ट्रीम होगा।

# विश्व संस्थाएं अच्छा कहेंगी तभी मानेंगे

अजीत द्विवेदी

भारत में इन दिनों अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की जय जयकार हो रही है। आईएमएफ का मतलब नहीं जानने वाले भी सोशल मीडिया पर इसकी रिपोर्ट शेयर कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे भारत सरकार की बहुत अच्छी आर्थिक नीतियों के कारण देश आर्थिक मंदी के चपेट में आने से बच रहा है। असल में आईएमएफ ने एक सूची जारी की है, जिसमें बताया है कि किस देश में मंदी के सबसे ज्यादा या कम असर की संभावना है। उसमें उसने भारत को सबसे नीचे रखा और भारत में मंदी के असर की शून्य संभावना जताई है। इस रिपोर्ट को लेकर एक किस्म का यूफोरिया देश में बना हुआ है।

सोशल मीडिया के साथ साथ इलेक्ट्रोनिक मीडिया में पाठशाला लगाने वाले पेन-पेंसिल लेकर समझा रहे हैं कि भारत की आर्थिक नीतियां कितनी अच्छी हैं, जिसकी आईएमएफ ने भी तारीफ की है। आईएमएफ की रिपोर्ट के हवाले तमाम न्यूज एंकर और साइबर सोल्जर उन लोगों की धुलाई कर रहे हैं, जो देश की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते रहते हैं। हालांकि यह कोई नहीं बता रहा है कि २००८ की वैश्विक आर्थिक मंदी का भी भारत पर कोई असर नहीं हुआ था।

बहरहाल, एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने एक सकारात्मक बात कही और उसे लेकर पूरा देश बावला हो गया। इससे पहले एक दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी वर्ल्ड बैंक ने पिछले साल बताया कि कारोबार सुगमता की वैश्विक सूची में भारत की रैंकिंग में 23 स्थान का सुधार हुआ है। इसका जिक्र हर जगह सरकार के मुखिया से लेकर छोटे-बड़े सारे नेता करते हैं। हालांकि विश्व बैंक ने खुद ही कारोबार सुगमता रिपोर्ट पर रोक लगाने की पहल की है क्योंकि दो साल की रिपोर्ट में पैसे लेकर गड़बड़ी करने के आरोप पाए गए हैं। इसके अलावा एक तीसरी रिपोर्ट अमेरिका की एक कंपनी 'मॉर्निंग कंसल्ट' की है, जिसमें बताया गया कि 71 फीसदी एप्रूवल रेटिंग के साथ नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। इस एजेंसी के मुताबिक दूसरे सबसे लोकप्रिय नेता मेक्सिको के एंड्रेस मैनुएल लोपेज ओब्राडोर और तीसरे सबसे लोकप्रिय इटली के मारियो द्रागी हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर भारत में कहा जाता है कि हमारे प्रधानमंत्री दुनिया में सबसे लोकप्रिय है और अमेरिका, चीन व रूस के राष्ट्रपतियों से ऊपर हैं। हालांकि इस लिहाज से तो मेक्सिको और इटली के नेता भी अमेरिका, रूस और चीन के राष्ट्रपतियों से बड़े हुए! लेकिन इतनी तार्किकता और समझदारी होती तो बात ही क्या थी!

इन तीन के अलावा किसी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसी की रिपोर्ट ध्यान में नहीं आ रही है, जिसमें भारत को ऊंची रेटिंग मिली हो या भारत के बारे में सकारात्मक कुछ कहा गया हो या रेटिंग में सुधार दिखाई दिया हो। बाकी हर जगह रेटिंग गिरती ही जा रही है। लेकिन ऐसी सारी रिपोर्ट्स को हम लोग खारिज कर देते हैं। ऐसी कोई रिपोर्ट हम मानते ही नहीं हैं, जिसमें भारत के बारे में अच्छा नहीं कहा गया हो। जिसमें अच्छा कहा गया है उसे मानेंगे और उसका प्रचार भी करेंगे लेकिन जिसमें अच्छा नहीं कहा गया है उसे खारिज करेंगे और उस एजेंसी की साख पर भी सवाल उठाएंगे, भले वह कितनी भी प्रतिष्ठित एजेंसी क्यों न हो।

सोचें, एक तकनीक की कंपनी डिलॉयट के बनाए 'मॉर्निंग कंसल्ट' की रिपोर्ट पर हमारे यहां भरोसा किया जाता है लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसियों या 'न्यूयॉर्क टाइम्स', 'वाशिंगटन पोस्ट' या 'टाइम', 'इकोनॉमिस्ट' की रिपोर्ट को खारिज किया जाता है।

यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम यानी यूएनडीपी की ओर से बनाए जाने वाले मानव विकास सूचकांक में दुनिया के 189 देशों की सूची में भारत 131वें स्थान है। जर्मनी की एक संस्था 'कन्सर्न वर्ल्डवाइड' की ओर से बनाए जाने वाले वैश्विक भूख सूचकांक में दुनिया के 116 देशों की सूची में भारत १०1वें स्थान पर है। 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' की ओर से बनाए जाने वाले प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में दुनिया के १८० देशों की सूची में भारत १५०वें स्थान पर है। हर साल इसमें गिरावट आ रही है। स्वीडन के संस्था वी-डेम की डेमोक्रेसी रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 179 देशों की सूची में भारत 93वें स्थान पर है। इसमें भारत को इलेक्टेड ऑटोक्रेसी यानी निर्वाचित निरकुंशता वाला देश कहा गया है और इलेक्टेड ऑटोक्रेसी वाले दुनिया के १० शीर्ष देशों में रखा गया है। डेमोक्रेसी को लेकर एक दूसरी रिपोर्ट ब्रिटिश पत्रिका 'इकोनॉमिस्ट' से जुड़ी इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट तैयार करती है। इसमें भारत 167 देशों की सूची में 46वें स्थान पर है।

इसने भारत को फ्लॉड डेमोक्रेसी यानी खामियों वाले लोकतंत्र की सूची में रखा है। भारत में पिछले आठ साल से न खाऊंगा, न खाने दूंगा की सरकार चल रही है इसके बावजूद ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के वैश्विक भ्रष्टाचार सूचकांक में १८० देशों की सूची में भारत 85वें स्थान पर है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में भारत 111वें स्थान पर है। धार्मिक स्वतंत्रता पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट संघ की एजेंसी ने भारत को दस सर्वाधिक चिंता वाले देशों की सूची में चौथे स्थान पर रखा है। म्यांमार, चीन और इरिट्रिया के बाद भारत है और ईरान का नंबर उसके बाद आता है।

दुनिया की कई और प्रतिष्ठित संस्थाएं इस किस्म की रिपोर्ट्स तैयार करती हैं, जिनमें भारत की रैंकिंग बहुत नीचे है। कई बार तो भारत लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों से प्रतिस्पर्धा करता दिखता है। एशिया में ही कई देश रैंकिंग में भारत से ऊपर होते हैं। लेकिन ऐसी हर रिपोर्ट को हमलोग खारिज कर देते हैं। इधर-उधर की वैश्विक संस्थाओं से मिले तमगे को सीने पर लगा कर घूमने वाली कौम प्रतिष्ठित संस्थाओं की रिपोर्ट से सबक लेने और सुधार के प्रयास करने की बजाय उसकी साख पर सवाल उठाते हुए रिपोर्ट को खारिज कर देती है। ऐसी हर रिपोर्ट के खिलाफ बाकायदा अभियान छेड़ा जाता है। इन संस्थाओं को भारत विरोधी करार दिया जाता है और किसी न किसी तरह से इनकी रिपोर्ट को दबा दिया जाता है। ध्यान रहे दुनिया की अनेक प्रतिष्ठित संस्थाएं भारत की अर्थव्यवस्था से लेकर लोकतंत्र की स्थिति और शिक्षा के स्तर से लेकर भूख, कुपोषण और मानव विकास की स्थिति के बारे में आगाह कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं मानवाधिकारों की स्थिति और प्रेस की आजादी में लगातार आ रही गिरावट की ओर ध्यान दिला रही हैं। लेकिन हम भारत के लोग इसे मान कर राजी नहीं है क्योंकि हमलोगों को हर दिन व्हाट्सऐप फॉरवर्ड के जरिए और प्रतिबद्ध मीडिया के समर्पित एंकर्स की ओर से बताया जाता है कि भारत विश्व गुरू बन गया है या उसकी दहलीज पर खड़ा है। सच को ठुकरा कर झूठ को गले लगाने की यह सोच आत्मघाती साबित हो सकती है।

## मोटरसाईकिल की चपेट में आकर महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर महिला घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौहरी माफी रायवाला निवासी रमेश ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मां कमला देवी पैदल रायवाला थाने के पास से जा रही थी तभी तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल सवार ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने मोटरसाईकिल चालक लक्सर निवासी अनीश अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## युवती को भगाने में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वायु विहार अपर नकरौंदा निवासी व्यक्ति ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी बाजार गयी थी लेकिन वापस नहीं आयी। उसने उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तभी आसपास के लोगों ने उसको बताया कि उन्होंने उसकी बेटी को माजरी चौक से पहले बालावाला निवासी राहुल उर्फ सोदान पुत्र नरसिंह के साथ देखा था। उसने बताया कि राहुल उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र. 25

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.24 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## कार की चपेट में आकर बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार दो युवक घायल हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार खम्भा रोड निवासी सूरज ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने मित्रों निशांत व अनिल के साथ अपनी मोटरसाईकिल से बाजार से घर की तरफ आ रहा था जब वह आईएसबीटी से आगे टर्नर रोड के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही कार ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके दोस्त व वह गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा मोटरसाईकिल क्षति ग्रस्त हो गयी।

## ब्रह्मास्त्र में नागार्जुन के किरदार का हुआ खुलासा!

ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे ज्यादा मच अवेटेड फिल्म होनी चाहिए क्योंकि अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 साल से अधिक समय से बन रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, साउथ के सुपरस्टार अनीश नाम के एक कलाकार की भूमिका निभाएंगे, जो फिल्म में नंदी अस्त्र के मालिक हैं. दिलचस्प बात यह है कि एक्टर को इस फिल्म में रणबीर कपूर के पिता के रूप में देखा जाएगा.

## वेंकैया: आडवाणी टीम के आखिरी सदस्य की विदाई!

देश के नए उप राष्ट्रपति का चुनाव हो गया है। एनडीए के जगदीप धनखड़ देश के नए उप राष्ट्रपति होंगे। संसद का मॉनसून सत्र समाप्त होने से एक दिन पहले एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। इस तरह भाजपा की राजनीति का एक युग समाप्त हो जाएगा। यह युग भाजपा के सबसे बड़े नेताओं में से एक संघ के सबसे यशस्वी स्वंयसेवक रहे लालकृष्ण आडवाणी की राजनीति का युग होगा। वेंकैया नायडू आडवाणी की कोर टीम के आखिरी सदस्य हैं, जिनके राजनीतिक करियर पर पूर्णविराम लग रहा है।

दिल्ली की राजनीति कवर करने वाले पत्रकारों और लुटियंस की दिल्ली को जानने-समझने वालों को पता है कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के जमाने में दोनों नेताओं के अपने अपने खेमे थे। आडवाणी खेमे के चार सदस्यों को डी-फोर के नाम से जाना जाता था। इसमें अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, अनंत कुमार और वेंकैया नायडू शामिल थे। पहले तीन लोगों- जेटली, सुषमा और अनंत कुमार का निधन हो गया है। इन तीनों के साथ वेंकैया नायडू भी नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में मंत्री बने थे।

नरेंद्र मोदी को पता था कि आडवाणी की टीम के सदस्यों में अरुण जेटली को छोड़ कर बाकी नेता उनके साथ सहज नहीं हैं। सुषमा स्वराज ने तो २०13 में गोवा में हुए पार्टी के अधिवेशन में मोदी को भाजपा की चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाए जाने का खुला विरोध किया था। इसके बावजूद सभी चारों सदस्य केंद्र में मंत्री बने थे। लेकिन तीन साल बाद ही २०17 में वेंकैया नायडू को उप राष्ट्रपति बना दिया गया। अगले साल २०18 में अनंत कुमार का निधन हो गया और सुषमा स्वराज ने २०19 का चुनाव नहीं लड़ा। अरुण जेटली राज्यसभा में थे लेकिन सेहत की वजह से मोदी की दूसरी सरकार में मंत्री नहीं बने। नरेंद्र मोदी की दूसरी सरकार बनने के थोड़े दिन के बाद ही थोड़े-थोड़े अंतराल पर जेटली और सुषमा दोनों का निधन हो गया। सो, आडवाणी की कोर टीम के आखिरी सदस्य वेंकैया नायडू हैं, जो १० अगस्त को उप राष्ट्रपति पद से रिटायर हो रहे हैं। वैसे नरेंद्र मोदी अपने बारे में भी अक्सर कहते हैं कि आज वे जो भी हैं वह आडवाणी की वजह से हैं उन्होंने एक लोकप्रिय टेलीविजन शो में कहा था कि मोदी को मोदी बनाने वाला आदमी लालकृष्ण आडवाणी हैं। लेकिन दिल्ली की राजनीति में आडवाणी की कोर टीम जेटली, सुषमा, अनंत कुमार और वेंकैया की ही थी। स्वर्गीय प्रमोद महाजन को अटल बिहारी वाजपेयी का करीबी माना जाता था तो राजनाथ सिंह स्वतंत्र रूप से राजनीति करते थे। वे दो बार अध्यक्ष रहे लेकिन किसी खेमे के साथ नहीं जुड़े थे।(आरएनएस)

# रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों को राखी बांधी



संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के सचिव संदीप गुप्ता के लोहियानगर कश्मीरी कॉलोनी स्थित निवास स्थान पर रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों के राखी बांधी(बहन अक्षारा ने भाई युग को बांधी रखी)। प्रभात डंडरियाल ने कहा कि इस दिन बड़ों के साथ छोटे बच्चों में राखी बांधने और बंध वाने को लेकर जो प्यार मोहब्बत का माहौल होता है वह देखते ही बनता है बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध उनके लंबी उम्र की दुआ करती हैं भाई भी अपनी बहनों की हर तरहं से रक्षा करने का प्रण लेते हैं। आज भी ऐसा ही माहौल देखने को मिला सभी बड़ों ओर छोटों ने एक दूसरे को बधाई दीं मिठाइयां खिलाई सभी के लिये और देश की खुशहाली के लिये दुआ की। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,महासचिव आरिफ वारसी,सचिव संदीप गुप्ता,अक्षरा,युग गुप्ता,रागनी,विकास,राघव,आदित्य,आदि लोग शामिल रहे।

# आसन नदी में बहे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

संवाददाता

देहरादून। आसन नदी में बहे अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने नदी से निकाल लिया है। मृतक के हाथ में राजेश शर्मा गुदा हुआ है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज थाना सहसपुर पर रामकिशन निवासी सभावाला देहरादून में सूचना दी कि एक व्यक्ति आसन नदी मे बह रहा है जिस सूचना पर तत्काल थाना सहसपुर पुलिस रेस्क्यू हेतु मौके पर पहुंची जहां पर स्थानीय नागरिकों की मदद से पुलिस ने बहते हुए व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला गया। किनारे पर बाहर निकाल कर देखा तो व्यक्ति चित अवस्था में है जिसकी मृत्यु हो गई है। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त हेतु स्थानीय नागरिकों से जानकारी की गई तो किसी के द्वारा कोई लाभप्रद जानकारी नहीं दी गई है। बॉडी का निरीक्षण किया गया तो मृतक के दाहिने हाथ पर राजेश शर्मा नाम गुदा है तथा टैटू बना है मृतक के शव का पंचायत नामा कर बॉडी को शिनाख्त हेतु विकासनगर मोर्चरी में रखा गया है यदि किसी थाना चौकी के पास उक्त संबंध में कोई जानकारी हो तो थाना सहसपुर से संपर्क करें हुलिया मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष रंग गेहुआ काले बाल छोटे दाढ़ी सफेद आंख कान नाक औसत है।

## उफनती नदी में 8 दुकानें व एटीएम... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कि एटीएम में कितना कैश बचा था और कितना ग्राहक निकाल चुके थे। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी भी कई आवासीय मकानों और दुकानों को खतरा बना हुआ है। मामले की जानकारी मिलने पर पुरोला तहसील प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने के साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर आस पास के मकानों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करा रहे है।

बता दें कि मानसूनी सीजन में पहाड़ के लोगों को पहाड़ जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तरकाशी जिले सहित समूचे उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों के कई सड़कें बाधित हो चुकी है। जिसके चलते आवागमन में आम जन को काफी दिक्कतें आ रही है। यूं तो राज्य में मानसूनी सीजन से पहले ही राज्य की आपदा प्रबन्धन टीम को अलर्ट पर रखा गया है। लेकिन यह टीम भी सीमित संसाधनों में आम लोगों को कितनी राहत दे पा रही है यह सबके सामने है।

# एसडीआरएफ व पुलिस ने पानी में फंसे लोगों को बाहर निकाला

संवाददाता

देहरादून। शीतला नदी का पानी गोरखा बस्ती में घुस जाने से वहां पर रह रहे महिलाएं, पुरूष व बच्चों की जान आफत में आ गयी। एसडीआरएफ व स्थानीय पुलिस ने डेढ घंटे की मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

आज यहां प्रात: तीन बजे थाना सहसपुर पर सूचना प्राप्त हुई की रात से शुरू हुई भारी बारिश के चलते ग्राम सभा छरबा के शीतला नदी किनारे बसे गोरखाबस्ती में अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया है जिसका पानी गोरखा बस्ती में निवास व्यक्तियों के मकानों में घुसने लगा है। अधिकतर मकान कच्चे होने के कारण वहां पर निवासरत व्यक्तियों को जान का खतरा है तथा उन मकानों में



20 से 25 आदमी औरत तथा उनके बच्चों के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसकी सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बिना समय गवाएं मौके पर पहुंचे तथा थाना पुलिस द्वारा एसडीआरएफ तथा स्थानीय लोगों व जिला प्रशासन की मदद से लगभग डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन करके गोरखा बस्ती में कच्चे घरों में अत्यधिक पानी की वजह से फंसे हुए बच्चो,महिलाओ एवं पुरुषों को पानी से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। पुलिस के इस कृत्य की स्थानीय लोगों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई है।

# करंट की चपेट में आयी 20 बकरियों की मौत

देहरादून। बिजली के खम्बे में आ रहे करंट के चलते उसकी चपेट में आकर बीस बकरियों की मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम छमरोली में बिजली विभाग की घोर लापवाही के कारण एक अप्रिय घटना घटी। जिसमें गत दिवस शाम तकरीबन सवा पांच बजे ग्राम छमरोली में लगभग 20 बकरियां करंट की चपेट में आई, जिसमें भवान दत्त पुत्र पंचराम और सुरेश पुत्र हिमदास को पशुधन की हानि हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस खंभे में करंट आने के कारण यह अप्रिय घटना घटी है उसे हटाने के लिए दो बार विभाग को सूचना भी की गई थी किंतु विभाग ने टालमटोल करके पुराने खंबे की जगह नया खंबा डाल कर खानापूर्ति की गई, इससे पूर्व में भी उक्त जगह ऐसी अप्रिय घटना घट चुकी हैं। उक्त खंबे से ग्राम प्रधान रोशन लाल डबराल और दिनेश मिस्त्री का घर भी करंट की चपेट में आ रहा है। ग्राम छमरौली में आज कल नई लाइन बिछाई गई उसमें भी करंट आ रहा है। देखा जाए तो ग्राम पंचायत छमरौली में बिजली विभाग की घोर लापरवाही बहुत बड़ी अनहोनी को दावत दे रही है।

# दो मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भानियावाला सपेरा बस्ती निवासी मोहित ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से माजरी चौक पर गया था तथा उसने अपनी मोटरसाईकिल चौक के पास खडी कर दी थी लेकिन जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

वहीं जमनपुर निवासी विपिन गौरव ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गांजे व स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने पांच किलो गांजे व स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने प्रतीतपुर रपटे के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से पांच किलो 272 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पामती नाथ उर्फ बाबा पुत्र जागर नाथ निवासी लक्ष्मीपुर बताया। वहीं पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने कबाडी बाजार के पास से एक युवक को सात ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम पुत्र लक्ष्मण साहनी निवासी कबाडी बाजार बताया।

# चोरी के माल के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रा.उ.मा.वि. में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चुराया गया माल भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बीती 8 अगस्त को पुष्पेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह चौहान निवासी शिवलोक कालोनी हरिद्वार हाल प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. जस्वावाला द्वारा थाना पिरान कलियर में तहरीर देकर बताया गया था कि अज्ञात चोरों द्वारा रा.उ.मा.वि. जस्वावाला की स्मार्ट क्लास प्रथम तल, कक्ष-5 के



अन्दर से स्मार्ट क्लास का सामान (एक इन्वर्टर, 8 बैटरियां, एक की बोर्ड, एक यूपीएस, एक म्यूजिक सिस्टम) को चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा एक सूचना के आधार पर उक्त चोरी में शामिल दो लोगों को नहर पटरी कलियर से चोरी के इन्वर्टर सहित दबोच लिया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम कार्तिक पुत्र दर्शन लाल व मोनू पुत्र कल्लू निवासी ग्राम जस्वावाला बताया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चुरायी गयी 8 बैट्रियां भी बरामद की है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## एक नजर

# प्रधानमंत्री मोदी ने पीएमओ कर्मचारियों की बेटियों से बंधवाई राखी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को रक्षा बंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मियों, सहायकों और अन्य कर्मचारियों की बेटियों से राखी बंधवाई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर इन युवतियों से राखी बंधवाई। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री को राखी बांधने वालों में सफाईकर्मी, सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियां शामिल थीं। अधिकारियों ने एक वीडियो भी ट्विटर पर साझा किया जिसमें प्रधानमंत्री सफाईकर्मी, सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियों से राखी बंधवाते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी को राखी बांधकर बच्चियां काफी खुश दिखीं। करीब दो दर्जन से ज्यादा बच्चियों ने प्रधानमंत्री को राखी बांधी, जिससे उनकी कलाई राखियों से भर गई। पीएम ने बच्चियों का मुंह भी मीठा करया। इससे पहले प्रधनमंत्री ने ट्वीट कर देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी थीं। भाई और बहन के बीच प्रेम के प्रतीक के रूप में सावन माह की पूर्णिमा को देश भर में रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है।



# जम्मू कश्मीर में सेना कैंप में घुस रहे 2 आतंकी ढेर, 3 जवान शहीद

जम्मू। राजौरी जिले में बृहस्पतिवार तड़के एक संदिग्ध आत्मघाती समूह ने सेना के एक शिविर में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और तीन जवान शहीद हो गए। वही, उन्होंने बताया कि हमले में दो अन्य जवान घायल भी हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा, श्कुछ लोगों (आतंकवादियों) ने पारगल में सेना के एक शिविर की बाड़ पार करने की कोशिश की। जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इसी के साथ सेना के एक अधिकारी ने कहा, श्र राजौरी के पारगल में अंधेरे में दो आतंकवादी चौकी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सतर्क सैनिकों ने उनको रोकने की कोशिश की।श उन्होंने बताया कि आतंकवादी मारे गए हैं।



एडीजीपी ने बताया कि दारहल थाने से करीब छह किलोमीटर दूर स्थित सेना के इस शिविर में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

# हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते कई स्थानों पर हुई भारी तबाही

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का कहर लगातार जारी है। गुरुवार सुबह कुल्लू जिला के आनी उपमंडल में भारी बारिश से जगह-जगह तबाही हुई है। आनी में पुराने बस स्टैंड के समीप नाले में बाढ़ में आने से सड़क के साथ सटे 8-10 शेड बह गए। इसके अलावा, गुजरा गांव में फ्लैश फ्लड से 3 और 4 वाहनों को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश से गांवों के नाले उफान पर हैं। फिलहाल, प्रशासन ने आनी उपमंडल में शिक्षण संस्थानों को बंद कर छुट्टी का ऐलान कर दिया है। शिमला जिले के चौपाल के नेरवा में भारी बारिश हुई है। यहां पर नेरवा के ओल्ड बस स्टैंट के पास नाले में भारी बारिश के चलते बाढ़ आई है और नाले में तीन गाड़ियां बह गई। मंडी में भारी बारिश से चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे बंद हो गए। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर मंडी जिला के सात मील के पास पहाड़ी से पत्थर हाईवे पर आ गिरे। जिस वक्त ये पत्थर गिरे उस वक्त हाईवे से एक वॉल्बो बस, एक ट्रक और एक जीप गुजर रहे थे। इसके अलावा, मंडी के धर्मपुर के मंडप में लैंडस्लाइड से पिकअप गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। साथ ही यहां पर मंडप-चौकी संपर्क मार्ग बंद हो गया है। भारी बारिश के चलते यहां मंडप छात्र सड़क भी बंद हो गई थी, जिसे बहाल कर दिया गया है।



## यूकेएसएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामला

# अभी तक 15 लोग गिरफ्तार, 83 लाख रुपये बरामद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने अभी तक अपर नीजि सचिव सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 83 लाख रूपये बरामद कर लिये हैं। इस जांच के लिए एसटीएफ को 15 अगस्त पर विशिष्ट कार्य के लिए पदक की संस्तुति की जा रही है।



आज यहां पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर रायपुर थाने में पेपर लीक का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसटीएफ को सौंप दी गयी थी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा चार दिसम्बर व पांच दिसम्बर 2021 को तीन पालियों में आयोजित की गयी थी जिसमें करीब 160000 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी एवं 916 अभ्यार्थी चयनित हुए थे।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने जांच करते हुए अभिषेक वर्मा निवासी सीतापुर वह प्रिन्टिग प्रेस का कर्मचारी था तथा उसी ने प्रेस से पेपर चुराया था। परीक्षा से 4-5 दिन पहले प्रश्नपत्र के तीन पालियों के सैट विभिन्न माध्यमों से जयजीत दास के पास भेजा। जयजीत दास ने यक प्रश्न पत्र पीआरडी मनोज जोशी एवं दीपक चौहान संविदा कर्मी को दिया। इसी तरह से पीआरडी मनोज जोशी ने

### ❑एसटीएफ को 15 अगस्त पर विशिष्ट कार्य पदक की संस्तुति की गयी

कनिष्ठ सहायक मनोज जोशी, गौरव नेगी ने यह प्रश्नपत्र रामनगर में एक रिसोर्ट एवं काशीपुर में एक वैंकट हॉल व घर में सॉल्व कराया। मनोज जोशी कनिष्ठ सहायक ने ही कुलवीर व शूरवीर चौहान के साथ मिलकर कुछ अन्य अभ्यार्थियों को यह प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया। हिमांशु काण्डपाल ने महेन्द्र चौहान, दीपक शर्मा, अमरीष कुमार के साथ मिलकर कुछ अन्य अभ्यार्थियो को उपलब्ध कराया। इसी तरह अभी तक इस मामले में 15 लोगों की संलिप्ता सामने आयी है। जिसमें गत दिवस सचिवालय में तैनात अपर निजी सचिव गौरव चौहान को गिरफ्तार किया गया। अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा उनके कब्जे से 83 लाख रूपये बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले में निष्पक्ष कार्यवाही करने पर डीजीपी के द्वारा 15 अगस्त को एसटीएफ टीम को विशिष्ट कार्य के लिए पदक की संस्तुति की जा रही है।

# सडक में बैठकर शराब पीने वाली वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। यूट्यूबर बॉबी कटारिया की सडक में बैठकर शराब पीने वाली पोस्ट वायरल होने पर डीजीपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें एक युवक बीच सडक पर कुर्सी लगाकर शराब पीता दिखायी दे रहा हैं। जिसकी पहचान यूट्बर बॉबी कटारिया के रूप में हुई। इस विडियो को देखकर डीजीपी अशोक कुमार ने एसएसपी देहरादून दिलीप सिंह कुंवर को युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये। डीजीपी के आदेश के बाद बॉबी कटारिया ने फेसबुक वॉल पर एक धमकी भरी पोस्ट डाल दी जिसमे उसने लिखा कि करलो मुकदमा अब तो जेल की रोटी खाने की आदत हो गयी है। जिसमें उसने पुलिस को चुनौती दी। इसके बाद आज कैण्ट कोतवाली पुलिस ने बॉबी कटारिया के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। यही नहीं बॉबी कटारिया की एक फोटो हवाई जहाज में सिगरेट पीते हुए भी वायरल हो गयी है। जिससे यह बात साफ हो गयी है कि इस शख्स की मुश्किले अभी ओर बढेगी।



# देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं, बातें राष्ट्रवाद कीः देवेन्द्र

हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी पहुंचे उत्तराखंड कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन लोगों की देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं है वह आज राष्ट्रवाद की बात कर रहे है। भाजपा और आरएसएस की देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं रही है। कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा था कि जो अपने घरों में तिरंगा नहीं लगाएगा उसको विश्वास की नजर से नहीं देखा जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश में गरीब आदमी के पास खाने के लिए अनाज नहीं है, लेकिन राशन की दुकान में 20 रूपये का तिरंगा झंडा खरीदने पर गरीब आदमी को मजबूर किया जा रहा है। सरकार को गरीब के पेट में अनाज कैसे जाए, बेरोजगार युवाओं को किस तरह से रोजगार दिया जाए, इस विषय पर सोचने की जरूरत है। भाजपा जो आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है, वह कांग्रेस की देन है। कांग्रेस के नेताओं ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राण न्यौछावर करे, लेकिन आज भाजपा राष्ट्रवाद की बातें करके देश को गुमराह कर रही है।

वही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी कहा कि जिस पार्टी ने देश की आजादी में अपनी कोई भी भूमिका नहीं निभाई हो वह आज लोगों से राष्ट्रवाद और तिरंगे की बात कर रहे हैं। तिरंगा झंडा हमारे देश की आजादी का प्रतीक है, जिसको देखकर हर भारतवासी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है, लेकिन आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कह रहे हैं कि जो झंडा नहीं लगाएगा उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। यह भाजपा की छोटी और विकृत मानसिकता को दर्शाता है।



**आर.एन.आई.- 59626/94**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*